RNI NO Title Code-UPHIN49594

हिन्दी दैनिक

# नवयुग समाचार

वर्ष-3 अंक-174
बहराइच,रविवार
30 जून 2024
पृष्ठ-4 मूल्य 2.00

बहराइच से प्रकाशित

एक सामाजिक दर्पण

लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, कानपुर, कन्नौज, फर्रुखाबाद, गोरखपुर, अंबेडकरनगर, म.प्र., बिहार में प्रसारित

# 17 साल बाद फिर भारत बना विश्वविजेता

## फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से हराया

बारबाडोस। एक अरब 40 करोड़ भारतीयों की दुआओं और उम्मीदों पर खरा उतरते हुये रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने एकजुटता,साहस और संयम के तालमेल का अदभुद प्रदर्शन करते हुये शनिवार को दक्षिण अफ्रीका को रोमांचक मुकाबले में सात रन से हरा कर टी20 विश्वकप 17 साल बाद भारत की झोली में डाल दिया। इससे पहले भारत के हाथ आईसीसी एक दिवसीय वर्ल्ड कप 2011 में आया था जिसके बाद भारत ने 2013 में चैंपियंस ट्राफी अपने नाम की थी।



इस लिहाज से भारत के हाथ 11 साल बाद कोई आईसीसी ट्राफी हाथ आयी है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के लिये यह विश्वकप काफी अहम था क्योंकि दोनो ही दिग्गज खिलाड़ी जल्द ही टी20 फार्मेट से सन्यास ले सकते हैं। कोच राहुल द्रविड़ के लिये भी यह विश्वकप काफी मायने रखता था। द्रविड़ की कप्तानी भारत 2007 में एक दिवसीय विश्वकप में ग्रुप चरण में ही बाहर हो गया था। भारत ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुये सात विकेट पर 176 रन बनाये जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम आठ विकेट पर 169 रन ही बना सकी। 17 साल बाद यह पहला मौका है जब भारत ने टी20 विश्वकप को अपने नाम किया है। इससे पहले महेन्द्र सिंह धोनी की अगुवाई में 2007 में भारत ने पहली बार टी20 का विश्वकप जीता था। हाइनरिक क्लासन (52) और डेविड मिलर (21) की जाबांज बल्लेबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका आसानी से भारत द्वारा दिये गये लक्ष्य के करीब पहुंच रहा था और उसे 30 गेंदों पर 30 रन की दरकार थी। इस नाजुक मौके पर हार्दिक पांड्या (20 रन पर तीन विकेट) ने क्लासन का विकेट चटका कर भारत की उम्मीदों को हवा दी जिसके बाद सूर्य कुमार यादव ने हार्दिक की गेंद पर डेविड मिलर का बाउंड्री लाइन पर एक बेहतरीन कैच पकड़ कर मैच का रुख भारत की ओर मोड़ दिया।

विराट कोहली (76) की सूझबूझ भरी अर्धशतकीय पारी और अक्षर पटेल (47) के साथ 72 रनों की महत्वपूर्ण भागीदारी की मदद से भारत ने सात विकेट पर 176 रनो का स्कोर खड़ा किया। लगभग पूरे टूनार्मेंट में खामोश रहने वाला विराट का बल्ला आज खिताबी मुकाबले में जम कर दहाड़ा। विराट ने मार्को जानसन के पहले ओवर में तीन चौके लगाकर अपने इरादों का इजहार किया। भारत ने पहले ओवर में 15 रन जुटाये,उस समय लग रहा था कि इस पिच पर 200 से ऊपर का स्कोर खड़ा हो सकेगा मगर दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने जबरदस्त वापसी करते हुये पहले पावर प्ले में ही भारत के तीन महत्वपूर्ण विकेट रोहित शर्मा (9), ऋषभ पंत (0) और सूर्यकुमार यादव (3) का विकेट झटक कर नीली जर्सी वाली टीम को बैकफुट पर धकेल दिया और मैदान पर सन्नाटा छा गया। रोहित और ऋषभ के विकेट केशव महाराज ने निकाले जबकि सूर्य कुमार कैसिगो रबाडा की गेंद को पुल करने के प्रयास में डीप स्कैवयर लेग पर धरे गये। इस कठिन समय पर विराट का साथ देने आये अक्षर ने संयमित बल्लेबाजी करते हुये भारत के स्कोरबोर्ड को चलाया और दोनो बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिये अहम 72 रन जोड़े। विस्फोट के साथ पारी की शुरूआत करने वाले विराट ने सूझबूझ का परिचय देते हुये बाउंड्री की बजाय विकेट के बीच दौड़ लगाने को प्राथमिकता दी जबकि आखिरी के ओवर में उन्होने गियर बदलते हुये अपने चिरपरिचित अंदाज में दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों की बखिया उधेड़ कर रख दी।

# टी-20 वर्ल्ड कप जीत का झांसी में जश्न



## आधी रात को बस की छत पर ट्रॉफी के साथ डांस, पटाखे फोड़े, दीवाली जैसा जश्न



झांसी। टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में इंडिया की शानदार जीत के बाद झांसी में जश्न का माहौल है। जीत के साथ ही हर गली और मोहल्ले में लोग पटाखे फोड़ने लगे और जश्न में नांचने लगे। वहीं, रात 11:30 बजे बाद अलग-अलग टोलियों में लोग नांचते हुए इलाइट चौराहे पर पहुंच गए। यहां पर ट्रॉफी और तिरंगा हाथ में लेकर लोगों ने जमकर डांस किया और जीत पर जश्न मनाया। लोग बस की छत पर ट्रॉफी लेकर चढ़ गए और डांस करने लगे। वहीं, एक फोर व्हीलर की छत पर चढ़कर लोगों ने मस्ती की। हर तरफ पटाखे फोड़े जा रहे थे और लोग जोर-जोर से इंडिया...इंडिया बोलकर जश्न में डूबे थे। बच्चा से लेकर बड़ा-बूढ़ा तक इस जश्न में शामिल था। करीब एक घंटे तक यहां पर जश्न का माहौल रहा। लोग गाड़ियों पर चढ़कर डांस कर रहे थे और जीत की खुशी का इजहार कर रहे थे।

# मुख्य सचिव दुर्गा शंकर के कार्यकाल का आज आखिरी दिन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को आज यानी रविवार को नया मुख्य सचिव (उर) मिल जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उर की नियुक्ति अपनी पसंद से करना चाहते हैं। उन्होंने केंद्र के शीर्ष नेताओं के सामने अपनी पसंद के कअर अफसरों के नाम रखे हैं। वहीं, केंद्र एक बार फिर से दुर्गा शंकर मिश्र को एक्सटेंशन देना चाहता है। इसीलिए उर की नियुक्ति पर सहमति नहीं बनने से शनिवार को भी तस्वीर साफ नहीं हो सकी। 30 दिसंबर, 2021 को कअर दुर्गा शंकर मिश्र ने यूपी के चीफ सेक्रेटरी का कार्यभार संभाला था। इसके बाद उन्हें दो बार एक्सटेंशन मिल चुका है।30 दिसंबर, 2021 को कअर दुर्गा शंकर मिश्र ने यूपी के चीफ सेक्रेटरी का कार्यभार संभाला था। इसके बाद उन्हें दो बार एक्सटेंशन मिल चुका है।यूपी के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र का कार्यकाल



रविवार को समाप्त हो रहा है। केंद्र सरकार दुर्गा शंकर को चौथी बार 3 से 6 महीने का एक और एक्सटेंशन देना चाहती है। अगर किसी कारण उन्हें एक्सटेंशन नहीं मिलता है, तो फिर दूसरे विकल्प पर विचार होगा। इनमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव अरुण सिंघल, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की सचिव लीना नंदन और नियुक्ति एवं कार्मिक मंत्रालय की सचिव राधा एस चौहान भी केंद्र की पसंद हैं। वहीं, योगी सरकार कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, कृषि विभाग के एसीएस देवेश चतुवेर्दी या सीएम के एसीएस एसपी गोयल में से किसी एक की ताजपोशी करने के पक्ष में है। राज्य सरकार ने सीएम के एसीएस एसपी गोयल और एसीएस देवेश चतुवेर्दी को केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति के लिए NOC दे दी है। दोनों अफसरों को अब केंद्र सरकार किसी विभाग में सचिव पद पर तैनाती देगी। सूत्रों के मुताबिक, कुछ दिन पहले दिल्ली में हुई कैबिनेट समिति की बैठक में दोनों अफसरों को नियुक्ति देने का प्रस्ताव शामिल नहीं किया गया। वहीं, अन्य अफसरों की उनके विभाग में तैनाती आदेश भी जारी कर दिए गए। जानकार बताते हैं, यूपी में मुख्य सचिव की नियुक्ति पर तस्वीर साफ होने के बाद ही देवेश चतुवेर्दी और एसपी गोयल की तैनाती हो सकती है। यूपी के एक पूर्व मुख्य सचिव कहते हैं- सीएस की नियुक्ति का संवैधानिक अधिकार मुख्यमंत्री के पास है। नियुक्ति में केंद्र का दखल नहीं होना चाहिए। अगर केंद्र ने योगी के सुझाव को मंजूरी दी तो ढाई साल बाद योगी की पसंद से मुख्य सचिव की तैनाती होगी।

योगी सरकार ने जिस पुलिस से कानून व्यवस्था को लेकर लोगों की धारणा बदली, उसके मुखिया प्रशांत कुमार भी अस्थायी हैं। इनसे पहले डीएस चौहान, आरके विश्वकर्मा और विजय कुमार भी कार्यवाहक DGP रहे









# सम्पादकीय....

## पाक की अर्थव्यवस्था चरमराई

पाकिस्तान आतंकी पालने, गरीबी, कंगाली के लिए विश्व में बदनाम है। गरीबी की हालत यह है कि पाकिस्तान को कर्ज चुकाने के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है। इस हालत में गधे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था का सहारा बने हुए हैं। पाकिस्तान में गधा पालन प्रमुख मवेशी पालन बना हुआ है।

भारत नित नई टेक्नोलॉजी और अन्वेषण के जरिए अर्थव्यवस्था की तरक्की के परचम विश्व में फहराए हुए है, वहीं दुश्मनी का भाव रखने वाले पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गधों के भरोसे टिकी हुई है। भारत को परमाणु बम की धमकी देने वाली पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था और रोजगार गधों के भरोसे चल रही है।

गधों की तादाद पाकिस्तान में बढ़ रही है। यह बढ़ती हुई तादाद पाकिस्तान के रोजगार के लिए प्राणवायु बनी हुई है। भारत जहां अपनी अर्थव्यवस्था में लगातार छलांग लगा हुए विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, वहीं पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चरमराई हुई है। पाकिस्तान आतंकी पालने, गरीबी, कंगाली के लिए विश्व में बदनाम है। गरीबी की हालत यह है कि पाकिस्तान को कर्ज चुकाने के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है। इस हालत में गधे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था का स-हारा बने हुए हैं। पाकिस्तान में गधा पालन प्रमुख मवेशी पालन बना हुआ है। इसी वजह से पाकिस्तान में हर साल गधों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। पाकिस्तान में हाल ही में साल 2023-24 का इकोनॉमिक सर्वे पेश किया गया। सर्वे में कई आंकड़े सामने आए, लेकिन चुंबक की तरह सबसे ज्यादा ध्यान खींचा गधों की आबादी के आंकड़ों ने। पाकिस्तान में गधों की संख्या लगभग 1 लाख बढ़ी है। कुल गधों की संख्या अब 59 लाख के आस-पास बताई जा रही है। सर्वे में यह भी बताया गया कि पाकिस्तान में गधों की संख्या में तो इजाफा हुआ है, लेकिन जीडीपीके निर्धारित लक्ष्य पीछे रह गए हैं। दुनिया में गधों की तीसरी सबसे बड़ी आबादी पाकिस्तान में है, जो इन जानवरों को चीन को निर्यात करके पैसा कमाने की योजना बना रहा है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने 11 जून को 2023-24 का इकोनॉमिक सर्वे पेश किया।

# ओम बिरला के अध्यक्ष बनने से शुरूआत सही दिशा में

हर राष्ट्र का सर्वोच्च मंच उस राष्ट्र की पार्लियामेंट होती है, जो पूरे राष्ट्र के लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा संचालित होती है, राष्ट्र-संचालन की रीति-नीति और नियम तय करती है, उनकी आवाज बनती है व उनके ही हित में कार्य करती है।


ओम बिरला को दूसरी बार ध्वनिमत से 18वीं लोकसभा का नया स्पीकर चुना गया। जिस-के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेता विपक्ष राहुल गांधी उन्हें आसन तक लेकर पहुंचे। ध्वनिमत पर विपक्ष ने डिविजन की मांग नहीं की। ओम बिरला के नाम पर विपक्ष का विरोध न करना मोदी सरकार के लिए भी किसी आश्चर्य से कम नहीं रहा। उम्मीद यही की जा रही थी कि विपक्ष वोटिंग की मांग करेगा और फिर पूरी प्रक्रिया के तहत मतदान होगा। ओम बिरला को नये लोकसभा के अध्यक्ष चुने जाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया जहां लोकतांत्रिक मूल्यों की खूबसूरती की छटा बिखेर रही थी, वहीं ऐसी संभावनाओं को बल दिया कि अठाहरवीं लोकसभा के सभी सत्र एक नया इतिहास का सृजन करते हुए उम्मीदभरे होंगे। कोटा से तीसरी बार के सांसद ओम बिरला ने दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनकर इतिहास रच दिया है। वे लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने वाले तीसरे शख्स हैं। उनसे पहले बलराम जाखड़ 9 सालों तक स्पीकर रहे थे। ओम बिरला का चुना जाना चौंकाता नहीं है, बल्कि जो बात थोड़ी हैरान करने वाली थी वह है इस पद के लिए चुनाव की नौबत लाया जाना। वैसे तो लोकतंत्र में चुनाव किसी भी पद के लिए हो, उसे बुरा मानने का कोई कारण नहीं है। मगर लोकसभा अध्यक्ष का पद ऐसा है जिसमें आम राय को हमेशा तवज्जो दी जाती रही है। वजह यह है कि सदन के सुचारू संचालन के लिए अध्यक्ष को दोनों पक्षों का सहयोग चाहिए होता है। ऐसे में अगर इस पद पर बैठे व्यक्ति का चयन दोनों पक्ष उसमें अपना विश्वास घोषित करते हुए करें तो पद की शोभा कई गुना बढ़ जाती है। स्वतंत्र भारत में लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए केवल तीन बार 1952, 1967 और 1976 में चुनाव हुए। वर्ष 1952 में कांग्रेस सदस्य जी. वी. मावलंकर को लोकसभा स्पीकर के रूप में चुना गया था। लोकसभा अध्यक्ष पद पर चयन को लेकर सरकार और विपक्षी दलों के बीच सहमति नहीं बन पाई, जिस वजह से चुनाव की नौबत आ गई। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार के गठन के बाद सरकार और विपक्ष के बीच यह पहला शक्ति प्रदर्शन था। इसलिए भाजपा के रणनीतिकार अपने उम्मीदवार ओम बिरला को ज्यादा से ज्यादा सांसदों के समर्थन के साथ बड़ी जीत दिलवाने के मिशन में जुट गई थी। इंडिया गठबंधन की पूर्व रात्री को हुई बैठक में ही नेताओं का कहना था कि इंडिया गठबंधन के पास संख्या बल नहीं है। इसलिये बिना मतदान के ही ध्वनिमत से बिरला के अध्यक्ष चुने जाने की कार्रवाई को निर्बाध होने दिया एवं संसदीय पटल पर खुशी का माहौल दिखाई दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी बार इस आसन पर विराजमान हो रहे हैं। अमृतकाल के इस महत्वपूर्ण कालखंड में दूसरी बार इस पद पर विराजमान होना बहुत बड़ा दायित्व आपको मिला है, हम सबका विश्वास है कि आप आने वाले 5 साल हम सबका मार्गदर्शन करेंगे। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी बधाई देते हुए संविधान रक्षा की बात दोहरायी। सदन में तीसरे सबसे बड़े दल के नेता अखिलेश यादव ने कहा कि जिस पद पर आप बैठे हैं, इससे बहुत गौरवाशाली परंपरा जुड़ी है। इसलिए सबकुछ बिना भेदभाव आगे बढ़ेगा। निष्पक्षता इस महान पद की महान जिम्मेदारी है। आप लोकतंत्र के मुख्य न्यायाधीश की तरह बैठे हैं। समाज सेवा करते करते राष्ट्रीय राजनीति के फलक पर छाने वाले ओम बिरला का जीवन बड़ा प्रेरक है हर राष्ट्र का सर्वोच्च मंच उस राष्ट्र की पार्लियामेंट होती है, जो पूरे राष्ट्र के लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा संचालित होती है, राष्ट्र-संचालन की रीति-नीति और नियम तय करती है, उनकी आवाज बनती है व उनके ही हित में कार्य करती है। राष्ट्र के व्यापक हितों की सुरक्षा करती है। भारत का लोकतंत्र न केवल सशक्त है बल्कि अनूठा एवं प्रेरक है, उसका सर्वोच्च मंच लोकसभा है। सत्रहवीं लोकसभा के सत्रों की कार्यवाही बिरला ने नियोजित एवं सुचारू ढंग से संचालित कर एक स्वस्थ परम्परा का सूत्रपात किया था, उनके अनुभव एवं क्षमताएं सदन को नई दृष्टि देने के लिए तत्पर रहे हैं। उनके सदन संचालन की दक्षता एवं कौशल की ताजी हवा के झोंकों का अहसास देश का सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा महसूस करता रहा है। वे लोकसभा को कुशलता से संचालित करने में न केवल खरे उतरे हैं बल्कि नये प्रतिमान स्थापित करते हुए सदन की गरिमा एवं गौरव की अभिवृद्धि की हैं। अठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष बनकर निश्चित ही वे सदन की कार्यवाही को अनुशासित भी कर सकेंगे, अनुप्रेरित भी कर सकेंगे और पक्ष-विपक्ष के बीच संतुलन रखते हुए देशहित में महत्वपूर्ण निर्णय लेने का मार्ग प्रशस्त कर सकेंगे, ऐसा विश्वास है। निश्चित ही निष्पक्ष होकर अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए सदन की गरिमा को नए स्तर तक ले जाने में वे सक्षम साबित होंगे। लोकसभा कुछ खम्भों पर टिकी एक सुन्दर ईमारत ही नहीं है, यह एक अरब चालीस करोड़ जनता के दिलों की धड़कन है। उसके एक-एक मिनट का सदुपयोग हो। वहां शोर, नारे और अव्यवहार न हो, अवरोध पैदा नहीं हो। ऐसा होना निर्धनजन और देश के लिए हर दृष्टि से महंगा सिद्ध होता है। यदि हमारे प्रतिनिधि ईमानदारी से नहीं सोचेंगे और आचरण नहीं करेंगे तो इस राष्ट्र की आम जनता सही और गलत, नैतिक और अनैतिक के बीच अन्तर करना ही छोड़ देगी। निश्चित ही संतुलन, निष्पक्षता, शालीनता एवं कौशल के बल पर बिरला नये लोकसभा के सदन की कार्रवाई को एक नई ऊंचाई प्रदान करेंगे और नयी उम्मीदों को पंख लगायेंगे। इसमें पक्ष एवं विपक्ष का सहयोग अपेक्षित है तभी लोकसभा की शालीनता एवं सभ्यता नई ऊंचाइयों पर आरोहण करेंगी। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है, यदि वहां मयार्दाहीनता एवं अशालीनता का प्रदर्शन होता है तो समस्याएं सुलझने की बजाय उलझती जाती है। छोटी-छोटी बातों पर अभद्र शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी, हंगामा और बहिर्गमन आदि ऐसी घटनाएं है, जिनसे संसद जैसी प्रतिनिधि संस्था का गौरव घटता है। यह बात चुने हुए प्रतिनिधियों को समझाने एवं उन्हें प्रशिक्षित करने में बिरलाजी ने पूर्व में जिस तरह की सिद्धहस्तता का परिचय दिया है, वह काबिलेतारीक है।

# पटाखे फोड़ शहरवासियों ने मनाया जीत का जश्न

## सड़कों पर तिरंगा लहरा जताई खुशी,पटाखे जलाकर मनाया जश्न








कानपुर।17 साल बाद टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद पूरा देश जहां खुशी से झूम उठा। वहीं कानपुर में देर रात तक जश्न मनाने का दौर जारी है। पूरे शहर की हर गली में लोगों ने पटाखे जलाकर खुशी का इजहार किया। हर तरफ जश्न का माहौल है। सड़कों पर तिरंगा लहराकर लोग अपनी खुशी का इजहार कर रहे हैं। पीरोड, अशोक नगर, सर्वोदय नगर, घंटाघर, आजाद नगर, नवाबगंज में चौराहों पर लोगों ने जश्न मनाया। सभी एक-दूसरे को जीत की बधाई दे रहे हैं। क्लबों और रेस्टोरेंट में पार्टी का जबरदस्त माहौल है। लोग सड़कों पर खुशी से झूम रहे हैं। वहीं फूलबाग में जश्न के लिए क्रिकेट प्रेमियों का हुजूम उमड़ पड़ा। टी 20 वर्ल्ड कप में टीम इण्डिया की जीत के लिए शनिवार को कानपुर के क्रिकेट प्रेमियों काफी उत्साह देखने को मिला। ब्रिजटाउन के मैदान पर इंडिया और दक्षिण अफ्रीका टीम के बीच आज फाइनल मुकाबला खेला जाना है। इसको लेकर चौक स्थिति सरार्फा कारोबारियों ने पार्क में हवन-पूजन कर इंडिया के लिए जीत की प्रार्थना की। व्यापारियों ने कहा कि जिस तरह से अभी तक टीम इंडिया अच्छा प्रदर्शन करते आई है। वैसे ही इस मैच में भी टीम के सभी सदस्य बेहतर प्रदर्शन कर देश वासियों को खुशी से झुमाने पर मजबूर करेंगे। इसके लिए हम सभी लोग आज परिवार के साथ मैच का आनंद उठाएंगे। इंडिया टीम के फाइनल मे पहुंचने के बाद से पूरे देश में क्रिकेट प्रेमियों मे एक अलग ही उत्साह दिख रहा है। हवन के समय सभी व्यापारी अपने-अपने हाथों में खिलाड़ियों की तस्वीर लिए थे। सभी अपने मन पसंद खिलाड़ियों की तस्वीर लेकर उनके अच्छे प्रदर्शन की भगवान से कामना कर रहे थे। इसके अलावा सभी ह्यभारत माता की जयह्न, ह्यजीतेगी भाई-जीतेगी, टीम इंडिया जीतेगी के नारे लगा रहे थे। होटल लैंडमार्क में बड़ी एलसीडी लगाकर लोगों को मैच दिखाया गया। यहां पर आने वालों लोगों ने लजीज व्यंजनों का स्वाद लिया साथ ही मैच का भी लुत्फ उठाया। इसके अलावा शहर के कई होटल में फाइनल मुकाबला दिखाने की व्यवस्था की गई।इसी तरह घरों में भी लोगों ने मैच का एक साथ बैठकर आनंद लिया।

# 4 दिन में पूरे यूपी में छाएगा मानसून

## देरी से एंट्री इसलिए 41% कम बारिश

कानपुर। यूपी में मानसून की एंट्री हो चुकी है। प्रदेश के 80 से 85% हिस्से में मानसून एक्टिव हो गया है। बचे हिस्सों में 4 जुलाई तक छा जाएगा। पूवार्नुमान था कि यह बिहार की बा-ॅर्डर से होते हुए प्रदेश में प्रवेश करेगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। मानसून ने बुंदेलखंड के ललितपुर से एंट्री ली। अब यू (व) शेप में आगे बढ़ रहा। बिहार में अटका हुआ मानसून पूर्वी यूपी से प्रवेश कर चुका है। यह सब हुआ 28 और 29 जून के दरमियान। यानी पूवार्नुमान से 8 से 9 दिन देरी से। इस देरी की वजह से जून में 41% कम बारिश हुई। 1 से 29 जून तक 53.1 मिमी बारिश हुई, जबकि 89.1 मिमी बारिश होनी थी।

मौसम विभाग का पूवार्नुमान था कि यूपी में मानसून 20 जून को एंट्री करेगा। यह पूर्वी यूपी के बलिया और देवरिया से होते हुए आएगा। संभावना थी कि 30 जून तक यह पश्चिमी यूपी में पहुंच जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पछुआ हवा और लू की वजह से पुरवा हवा काफी कमजोर रही। इस साल पछुआ हवा का इफेक्ट 20-22 जून तक काफी ज्यादा रहा। 10 जून के पहले ही इस-ाकी स्पीड कम हो जानी थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ और मानसून 14 दिनों तक बंगाल और बिहार के बॉर्डर पर अटका रहा। इस वजह से इस साल मानसून 25 जून तक पूरे यूपी को कवर नहीं कर सका। क्टऊ के मुताबिक, इसी पैटर्न को मानसून फॉलो करता है। मौसम वैज्ञानिक कहते हैं- मानसून में देरी के पीछे ग्लोबल वॉर्मिंग है। यूपी के दो तिहाई से ज्यादा हिस्से में मानसून पहुंच गया है। सिर्फ पश्चिम उत्तर प्रदेश के कुछ



जिलों में मानसून का पहुंचना बाकी है। इल्रव के मौसम वैज्ञानिक प्रोफेसर ज्ञान प्रकाश सिंह कहते हैं- मानसून की चाल हवा और प्रेशर पर डिपेंड करती है। इस बार मौसम में कई तरह के बदलाव देखे गए, इसलिए अभी कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। अगर मानसून की स्पीड ऐसी ही रही तो 2 से 4 जुलाई तक पूरे प्रदेश में छा सकता है। बिहार के रक्सौल में 6 दिनों तक अटका मानसून 26 जून को निकल गया था। अब मानसून यूपी में आ चुका है। वेस्ट यूपी के कुछ जिलों को छोड़कर दक्षिणी यूपी, पूर्वी यूपी और नेपाल बॉर्डर से सटे सभी जिलों में मानसून के बादल मंडरा रहे हैं। यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञान विभाग के हेड डॉ. रठ सुनील पांडेय के मुताबिक, मानसून आने का ये कतई मतलब नहीं होता है कि बारिश होती ही रहेगी। मानसून आने का मतलब होता है कि बारिश कराने वाले सभी सिस्टम एक्टिव हो जाते हैं। अनुमान है कि जुलाई में भारी बारिश होती रहेगी, जहां भी बारिश होगी, वहां हो सकता है कि एक बार में 100 मिमी तक बारिश हो जाए। मौसम वैज्ञानिक प्रोफेसर ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि बाढ़ की स्थिति इस बार भी अगस्त तक बन सकती है। हालांकि, इस बार कहीं पर बाढ़ तो कहीं पर कम बरसात वाली कंडीशन होगी। क्योंकि अभी तक प्रदेश के कुछ जिलों में सामान्य से अधिक बारिश और कुछ जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई है। उदाहरण के लिए भदोही में अब तक 6 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यहां अब तक मानसून की बारिश नहीं हुई है।

# भैरव घाट पंपिंग स्टेशन 10 घंटों के लिए किया जाएगा बंद, रहेगी जलापूर्ति बाधित

कानपुर। रविवार को आज कानपुर में 20 लाख लोगों के लिए जलापूर्ति बाधित रहेगी। भैरवघाट पंपिंग स्टेशन में वाटर सप्लाई स्काडा योजना के तहत वॉल्व में सेंसर्स को फिट किया जाएगा। इसके लिए 10 घंटों का शटडाउन लिया जाएगा। जलकल सचिव के मुताबिक सुबह सप्लाई के बाद पंपिंग स्टेशन को बंद किया जाएगा।




20 करोड़ लीटर पानी शहर को सप्लाई नहीं होगा। जलापूर्ति बाधित होने से पुराने कानपुर के रानी घाट के अलावा विष्णुपुरी, नवाबगंज, आजाद नगर, ग्वालटोली, अहिराना, सूटरगंज, चमनगंज, बेकनगंज, पी रोड, के साथ शास्त्री नगर, विजय नगर,कानपुर दक्षिण के बर्रा के सभी सेक्टर, साकेत नगर, गोविंद नगर, दबौली, रतनलाल नगर समेत 67 वार्डों में पानी नहीं आएगा। जलकल सचिव के मुताबिक लोगों से अपील है कि सुबह जलापूर्ति होने पर घरों में पानी भरकर रख लें। रविवार शाम को पानी की आपूर्ति नहीं होगी। सोमवार से पानी की सप्लाई नॉर्मल कर दी जाएगी। वहीं जहां पानी की ज्यादा किल्लत होगी, वहां टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति की जाएगी। जलकल विभाग के जीएम के अनुसार जिन मोहल्लों में पानी की दिक्कत हो, वहां के लोग जलकल विभाग कंट्रोल रूम का फोन नंबर 0512-2549018 डायल कर सूचना दे सकते हैं। वहां पानी का टैंकर निशुल्क भेजा जाएगा। विभाग के पास 51 टैंकर हैं। इंद्रा नगर, विकास नगर, दयानंद विहार, मकड़ीखेड़ा, सत्यम विहार, शा-रदा नगर, महाबलीपुरम, पनकी, मसवानपुर, रतनपुर, गंगागंज।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक मनीष कुमार सिंह द्वारा शोभित आफसेट के-450 इंद्रलोक कॉलोनी, पोस्ट मानसनगर, लखनऊ - 226023 उ.प्र. से मुद्रित कराकर मुकेरिया, महसी, रामगांव, बहराइच से प्रकाशित। आरएनआई/टाइटल कोड-UPHIN49594
संपादक-मनीष कुमार सिंह मो.- +91 9984176988 ई-मेल- navyugsamacharindia@gmail.com उप संपादक-मो. इज़हार वारसी, मो. +91 7081640677, प्रबंध संपादक-संजय कुमार त्रिपाठी, मो.- +91 9044973372, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र बहराइच, उ.प्र. होगा।

# पुलिस के खिलाफ हड़ताल पर कानपुर के अधिवक्ता,धरने पर बैठे

**बेटी के साथ छेड़खानी की शिकायत करने गए अधिवक्ता को हिरासत में लिए जाने के खिलाफ मोर्चा खोले वकीलों ने की एसीपी और इंस्पेक्टर के निलंबन की मांग**

सुनील बाजपेई नवयुग समाचार




कानपुर। यहां वकीलों ने पुलिस द्वारा की गई एक तरफा कार्रवाही के विरोध में हड़ताल कर दी है। वह इसके विरोध में धरने पर भी बैठे और एसीपी बिठूर और इंस्पेक्टर को निलंबित किये जाने की मांग की। इस बीच वकीलों की ओर से पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। अधिवक्ताओं का आरोप है कि नाबालिग बच्ची के साथ कोई शोहदा छेड़खानी कर रहा था, जिसकी शिकायत बेटी के पेशे से अधिवक्ता पिता ने आरोपी के पिता से की। इसी के बाद बिठूर पुलिस ने अधिवक्ता और उनकी पत्नी को ही हिरासत में ले लिया। जिसकी वजह से अधिवक्ताओं में पुलिस के प्रति गुस्सा है। इसके विरोध में अधिवक्ताओं ने पुलिस कार्यालय का घेराव भी किया। उन्होंने बिठूर एसीपी व थानेदार को सस्पेंड करने की मांग की है।

# डीएम द्वारा चतुर्थ तिमाही की बीबीसी एवं डीएलआरसी की बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश

नवयुग समाचार

उरई(जालौन)।जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में वर्तमान वित्त वर्ष 2023-24 के चतुर्थ तिमाही की डी0सी0सी0 एवं डी0 एल0आर0सी0 की बैठक कर सम्बन्धित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त बैंक को जनपद के ऋण-जमा अनुपात को राष्ट्रीय औसत 60 प्रतिशत तक लाने के लिये निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पशुपालन एवं मत्सय पालन के क्षेत्र मे विशेष रुप से ध्यान देने की आवश्यकता है और इसको अभियान चलाकर पत्रावलियों का निस्तारण कराने के निर्देश दिये है एवं विशेष रुप से कहा कि भारतीय स्टेट बैंक एवं बैंक ऑफ बड़ौदा को इस क्षेत्र मे प्रगति बढाय़े। उन्होंने सरकार प्रयोजित योजनाओ की समीक्षा की गई और सभी बैंक स्वरोजगार परक ऋण योजनायो के लक्ष्यो की प्राप्ति करे इसके अतिरिक्त आरसेटी जालौन से प्रशिक्षित युवायों को क्रेडिट लिंकेज कर-ाकर रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त बैंक अधिकारियो को निर्देश दिये कि समस्त बैंके राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत लंबित पत्राविलयों पर रोष व्यक्त किया एवं समस्त बैंको को प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज हेतु सभी बैंको को प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये एवं इस योजना के तहत लाभार्थियो को सम्मानित करने के निर्देश दिये। इस मौके पर रिजर्व बैंक के अग्रणी जिला अधिकारी ऋषभ ने वित्तीय समावेशन तथा वित्तीय साक्षरता के विभिन्न मानकों पर जिला समन्वयकों को संबोधित किया तथा बैंको को समुचित निर्देश दिये। बैठक मे अनुपस्थित बैकों के विरुद्व कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकान्त द्विवेदी, अग्रणी जिला प्रबंधक संदीप सिन्हा, उपायुक्त स्वरोजगार दिनेश यादव, आर.बी.आई से अग्रणी जिला अधिकारी ऋषभ सक्सेना,डी0डी0एम0 नाबार्ड पारितोष कुमार, सहायक उपायुक्त जिला उघोग केन्द्र, एवं लाइन डिपार्टमेंट के अधिकारी व सभी बैंको के जिला समन्वयक उपस्थित रहे।




# पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में किया गया अपराध गोष्ठी का आयोजन

नवयुग समाचार बहराइच पुलिस अधीक्षक बहराइच वृन्दा शुक्ला द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सकुशल सम्पन्न कराए जाने के उपरान्त आज रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 पवित्र मोहन त्रिपाठी, समस्त क्षेत्राधिकारी, संयुक्त निदेशक अभियोजन, समस्त थाना प्रभारी, प्रतिसार निरीक्षक व समस्त शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। महोदय द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को निम्न दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि बेहतर पुलिसिंग से ही पीड़ितों को न्याय मिलेगा । शासन की मंशानुसार कार्य करते हुए अपराध पर नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखें ताकि आम लोगों के मन में पुलिस के प्रति विश्वास पैदा हो ।पुलिस अधीक्षक ने समस्त थाना प्रभारियों/थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि थाने पर आने वाले पीड़ितों से सम्मानजनक व्यवहार करें तथा उनकी परेशानियों को गंभीरता से लेकर उसके तत्क्षण विधिक निवारण का प्रयास करें तथा चोर व अन्य अपराधियों पर शिकंजा कसने हेतु रात्रि तथा सायंकाल के गश्त को प्रभावी किया जाए। लंबित विवेचनाओं के निस्तारण में तेजी लायी जाए ताकि दोषियों को सजा मिल सके वहीं पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय । पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को जनप्रतिनिधियों से संवाद बनाए रखने तथा थाना क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों, सम्भ्रान्त व्यक्तियों, ग्राम प्रहरियों, पुलिस मित्रों आदि के साथ समय-समय गोष्ठी आयोजित कर आपसी समन्वय स्थापित करने सहित थाना क्षेत्र में अवैध शराब, खनन, चोरी, पशु तस्करी, अवैध शस्त्र तस्करी आदि अपराधो में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।



दिनाँक 01 जुलाई 2024 से लागू होने वाले नए कानूनों के बारे में लोगों को जागरूक किए जाने हेतु थाना स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करें। गैंगस्टर अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों में धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही कर अपराधियों की संपत्ति के जब्तीकरण की कार्यवाही किये जाने का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही हिस्ट्रीशीटर अपराधियों द्वारा किसी दूसरे थाना क्षेत्र/जनपद में अपराध कारित किया जाता है तो इसके लिए सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष व सम्बन्धित अन्य पुलिसकर्मियों का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा। पुलिस अधीक्षक द्वा-रा समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारियों को डायल -112 के अन्तर्गत जनपद में संचालित पी0आर0वी0 वाहनों के रूट की समीक्षा कर नियमित प्रभावी पेट्रोलिंग की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु प्रभारी यातायात/प्रभारी निरीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को अपने-अपने क्षेत्रों में संदिग्धों की सघन चेकिंग करने तथा तेज रफ्तार बाइकों, रैश ड्राइविंग करने वाले, क्षमता से अधिक सवारी बैठाने वालों, मोडिफाईड बाईकों आदि पर सतर्क दृष्टि रखते हुए चेकिंग कर विधिक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। जनशिकायतों के प्रभावी निस्तारण हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि कम से कम शिकायतकताओं को दूरस्थ स्थान से जनपद मुख्यालय आना पड़े, इसके लिए जरूरी है कि थाना स्तर पर नियमित और प्रभावी जनसुनवाई की जाय। थानाध्यक्ष किसी कारणवश दिन के समय थाना छोड़कर बाहर जा रहे हैं तो नाम से किसी जनशिकायत अधिकारी की नियुक्ति की जानी चाहिए जोकि थाने पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर शिकायतकताओं की समस्याओं का निवारण कर सके और उक्त शिकायतों के निस्तारण तक हेल्प डेस्क कर्मी/बीट उपनिरीक्षक/थाना प्रभारी द्वारा फीडबैक भी लिया जाय। NBW का समय से शतप्रतिशत तामिला कराने हेतु सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिए गए व साप्ताहिक रूप से इसकी समीक्षा की जाए तथा जो भी थानाध्यक्ष कम तामिला करेगा उसके विरुद्ध स्वतः दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा थानो पर लम्बित विवेचनाऐं, विशेषकर एससी एसटी एक्ट, महिला सम्बन्धी अपराध, पोक्सो एक्ट आदि की समीक्षा की गई तथा कार्य योजना बनाकर गुण दोष के आधार पर विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण करने, विशेष रूप से वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया तथा पोक्सो एक्ट, महिला सम्बन्धी अपराधों में अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी करने के निर्देश भी दिए गए। जनपद के वाहन चोरी, नकबजनी से प्रभावित थाना क्षेत्रों में घटनाओं को रोकने व अनावरण हेतु शेष चोरी के प्रकरणों को गम्भीरतापूर्वक लेकर उनके खुलासा करने हेतु निर्देश दिए गए । चोरी के प्रकरणों पर चर्चा की गई तथा अब तक की प्रगति के संबंध में थाना प्रभारी से जानकारी प्राप्त किया गया तथा घटनाओं को रोकने हेतु प्लान तैयार कर अमल करने हेतु निर्देश दिए गए। आईजीआरएस व सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध निस्तारण हेतु तथा जांच की गुणवत्ता को बढ़ाने और जनपदवासियों के असंतुष्ट फीडबैक को कम करने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आईजीआरएस सेल प्रभारी को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन के 03 असंतुष्ट प्रकरणों की आख्या पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष रखी जाए ताकि असंतुष्टता के कारणों पर गहन समीक्षा कर उसका निवारण किया जा सके। पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला सम्बन्धी अपराधों में विशेष सतर्कता तथा संवेदनशीलता बरतने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पीड़िता की परिस्थितियों के अनुसार आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए गए। दुष्कर्म के प्रकरणों में पुनः पीड़िता को डराने धमकाने तथा दबाव बनाने के आरोपों को गम्भीरता पूर्वक लेकर अभियुक्त पक्ष को नियंत्रित करने हेतु कड़े निर्देश दिए गए तथा एन्टी रोमियो स्कवॉड, महिला आरक्षियों व अन्य पुलिसकर्मियों को अपनी-अपनी बीट में जाकर ग्राम प्रधान आदि के सहयोग से स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थान आदि में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु विभिन्न कार्यक्रम व गोष्ठी करके उन्हें सुरक्षा संबंधी जानकारी देते हुए महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं के सुरक्षार्थ यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक करने हेतु निर्देशित किया गया । सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पडने वाले उलझे हुए तथा गंभीर प्रवृत्ति के जमीनी विवाद चिन्हित कर लें जिनमें समय से राजस्व के साथ टीम गठित कर निस्तारण करना आवश्यक है ताकि भविष्य में किसी बड़ी अप्रिय घटना को रोका जा सके ।

# अभिभावकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से बच्चों के ड्रेस, जूता ,मोजा की धनराशि, मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

नवयुग समाचार

बहराइच बेहतर शिक्षा एवं उन्नत भविष्य के संकल्प के साथ लोक भवन, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा परिषदीय विद्यालयों के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं हेतु प्रति छात्र रू. 1200 की दर से 2042416 छात्र-छात्राओं के 1546241 अभिभावकों के खातों में ड्रेस, जूता, मोजा, स्वेटर, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग क्रय किये जाने हेतु डीबीटी के माध्यम से अंतरण प्रक्रिया का शुभारम्भ किया। जिसमें जनपद बहराइच 242802 बच्चों के 182321 अभिभावक भी सम्मिलित हैं।




इस अवसर पर मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा विभिन्न बोर्डों के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के साथ-साथ 165 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का लोकार्पण, 11 जनपदों के डायट में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, ऑडिटोरियम तथा टायलेट ब्लाक का शिलान्यास, कक्षा 1 व 2 की एनसीईआरटी पर आधारित पाठ्य पुस्तकों के वितरण अभियान, विभागीय क्रियाकलापों की जानकारी एवं समस्याओं के निराकरण हेतु टोल फ्री नम्बर 1800-889-3277 का शुभारम्भ, शैक्षणिक शोध संकलन ह्यशोध संगम के विमोचन के साथ-साथ निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को सम्मानित भी किया गया। मा. मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार मा. जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में सजीव प्रसारण किया गया। सजीव प्रसारण के उपरान्त विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, सदर की श्रीमती अनुपमा जायसवाल व नानपारा के राम निवास वर्मा ने जिलाधिकारी मोनिका रानी के साथ हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के 21 मेधावी छात्र-छात्राओं को डैमो चेक, टैबलेट, मेडल व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा परिषदीय विद्यालयों के कक्षा एक व दो के छात्र-छात्राओं को निशुल्क पुस्तक वितरण अभियान का शुभारम्भ किया। मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा 2024 हेतु मेधावी छात्र-छात्राओं बाल शिक्षा निकेतन गर्ल्स इ.का. बहराइच की कामिनी सिंह, आश्रम पद्धति इण्टर कालेज चिरैय्याटांड की सत्यम गुप्ता व श्री त्रिभुवनदत्त स्मारक उ.मा.वि. शहनाजपुर की पीयूष श्रीवास्तव को रू. एक-एक लाख, सरस्वती इ.का. माधवपुरी के रोहित कुमार शुक्ला, शीतल देवी इ.का. विश्वनाथ गांब के वीर पटेल, बाल शिक्षा निकेतन की सुमेधा सिंह, सरस्वती इ.का. माधवपुरी प्राची, राम नरायन सिंह इ.का. राम नगर खजुरी के अनमोल शुक्ला, नाज मेमोरियल गर्ल्स हाईस्कूल कानूनगोपुरा की आनिया शाह व श्री त्रिभुवनदत्त स्मारक उ.मा.वि. शहनाजपुर के शीतल प्रजापति को रू. 21-21 हजार की धनराशि का डैमो चेक, टैबलेट, मेडल व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2024 हेतु मेधावी छात्र-छात्राओं में श्री राम जानकी रा.म.लो.बालिका इण्टर कालेज गढ़वा नौतला की शिरीप चौधरी को रू. 01 लाख व शिवा वर्मा को रू. 21 हजार, शान्ती इ.का. शान्ती नगर नगरौर के अभय कुमार गुप्ता, राम प्रकाश इण्टर कालेज सुहेलवा के उमा द्विवेदी, राम नरायन सिंह इ.का. राम नगर खजुरी के परम वीर सिंह, सरदार पटेल इ.का. कैसरगंज के प्रत्युष कुमार शर्मा व प्रिंस मिश्र, सम्राट अशोक महान के.पी.इ.का. पुरैना बाजार के विकास कुमार द्विवेदी व सरिता जायसवाल, महानन्द अवस्थी इ.का. शिवपुर की सानिध्य अवस्थी व संजय मेमोरियल इण्टर कालेज की अंकिता सिंह को रू. 21-21 हजार की धनराशि का डैमो चेक, टैबलेट, मेडल व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा बोर्ड परीक्षा 2024 हेतु श्री राम जानकी शिव सां.म.वि. कैलाश बाग परसिया आलम, पयागपुर की मानसी चौरसिया व शालिनी चौरसिया तथा महाजनान सां.म.वि. भूपगंज पयागपुर की छात्रा गरिमा चौरसिया को राज्य स्तर पर आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र देव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी, विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा उनके अभिभावक मौजूद रहे। सम्मान समारोह में अमर उजाला फाउण्डेशन की ओर से भी मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# अपर जिला जज ने 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफलता हेतु पुलिस क्षेत्राधिकारियों की बैठक में दिये गये निर्देश

नवयुग समाचार

उरई (जालौन)। उ. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 13 जुलाई 2024 को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह के कुशल मार्ग दर्शन में अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव सरन की अध्यक्षता में जिसकी ले के समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी के साथ समन्वय बैठक सम्पन्न हुई। इस मौके पर सचिव राजीव सरन द्वारा पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे अपने स्तर से सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षों को इस आशय का निर्देश निर्गत करे कि वे विभिन्न न्यायालयों से निर्गत सम्मान, नोटिसों का तामीला शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करे।इस सम्बंध में ढिलाई न बरती जाये।बैठक में प्रमुख रूप से पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर गिरजाशंकर पांडेय, क्षेत्राधिकारी कोंच उमेश कुमार पांडेय, क्षेत्राधिकारी जालौन रामसिंह यादव, क्षेत्राधिकारी कालपी डा. देवेंद्र कुमार उपस्थित रहे।



# मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने युवक का किया सफल ऑपरेशन, लीवर, पेट, पेनक्रियाज को बचाया

कानपुर। कानपुर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने 30 वर्षीय युवक के सीने में फसी गोली को ऑपरेशन कर निकाला है। युवक कर्नलगंज का रहने वाला है। उसे 3 मई को गोली मार दी गई थी। सीने में गोली लगने से फेफड़ा, पेट, और लीवर को काफी नुकसान पहुंचा था। युवक लहूलुहान हालत में कानपुर मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचा था। डॉक्टरों ने तत्काल भर्ती करके सफल ऑपरेशन कर उसकी जान बचा ली। एक महीने तक भर्ती छोटू को शनिवार को छुट्टी दी गई। सीनियर सर्जन डॉ. जीडी यादव ने इसकी जानकारी साझा की। डॉ. यादव ने बताया कि यह ऑपरेशन काफी चुनौती पूर्ण था। गोली सीने में लगने के बाद सीधे पेट की तरफ चली गई थी। इससे उसके पेट में दो छेद हो गए थे। इसके अलावा फेफड़े, पेट सभी को नुकसान पहुंचा था। ऐसे सभी अंगों सुरक्षित रखना था। इस ऑपरेशन के दौरान मरीज का खून काफी बह गया। इस लिए मरीज को 5 यूनिट खून चढ़ाना पड़ा और ऑपरेशन को सफल बनाया। ऑपरेशन सफल होने के बाद मर-ीज को लगभग एक हफ्ते से ज्यादा आईसीयू में रखा गया। आईसीयू में मरीज की हालत ठीक होने के बाद उसे वार्ड में शिफ्ट किया गया। मरीज का पूरा ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड के माध्यम से किया गया। मरीज के पूरी तरह से स्वस्थ होने के बाद उसे शनिवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डॉ. जीडी यादव ने बताया कि सीने को नुकसान पहुंचने से फेफड़ों के बाहर हवा भर गई थी।

